आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें: WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-157- ● कटनी ● शुक्रवार, 9 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## खतरा



## कोरोना के बीच केरल में जीका वायरस की दस्तक

**तिरुअनंतपुरम।** केरल में कोरोना महामारी के प्रकोप के बीच जीका वायरस ने दस्तक दे दी है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने गुरुवार को बताया कि राज्य में जीका वायरस के मामले सामने आए हैं। यह पहला मौका है जब केरल में जीका वायरस के मामले सामने आए हैं। राज्य की राजधानी के एक अस्पताल में पिछले महीने एक 24 वर्षीय गर्भवती महिला को बुखार, सिरदर्द और चकत्ते के साथ भर्ती किया गया था। जांच के शुरुआती परिणामों में जीका वायरस के हल्के असर के संकेत मिले थे। बाद में 19 नमूनों की जांच की गई जिनमें 13 में जीका पाजिटिव की रिपोर्ट आई। अब इन सभी नमूनों को एनआइवी पुणे भेजा गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और जिला अधिकारियों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए एडीज प्रजाति के मच्छरों के नमूने एकत्र करवाने का काम शुरू कर दिया है। सभी जिलों को इस बारे में सतर्क कर एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। जीका वायरस के लक्षण डेंगू के जैसे होते हैंयह वायरस गर्भवती महिला को ज्यादा प्रभावित करता है।

# पड़ सकती है तीसरी खुराक की जरुरत !

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका और वायरस के बदलते स्वरूप को देखते हुए अमेरीकी वैक्सीन निर्माता कंपनी तीसरी खुराक देने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर-बायोएनटेक तीसरे डोज की मंजूरी पाने की कोशिश में है। कंपनी का दावा है कि कोरोना को मात देने के लिए तीसरी डोज की जरूरत पड़ सकती है। कंपनी ने गुरुवार को घोषणा की है कि वे अपनी कोविड-19 वैक्सीन के लिए रेग्युलेटरी अप्रूवल की मांग करेंगे। कंपनी अंतरिम ट्रायल के डेटा के मद्देनजर मंजूरी प्राप्त करने की कोशिश करेगी, जिसमें पता चला था कि पहले दो डोज की तुलना में तीसरा डोज एंटीबॉडी लेवल को पांच से दस गुना बढ़ा सकता है। दरअसल, इस तीसरे कोविड -19 खुराक से कोरोना के बीटा वैरिएंट के खिलाफ बेहतर सुरक्षा की उम्मीद की जा रही है। बीटा वैरिएंट सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पाया गया था। यह वैरिएंट अबतक का सबसे शक्तिशाली है। यह डेल्टा वैरिएंट से भी ज्यादा असरदार है।

### डेल्टा वैरिएंट पर फाइजर वैक्सीन की दो डोज कारगर नहीं

दरअसल, कोरोना के डेल्टा वैरिएंट से बचाव में फाइजर वैक्सीन कम प्रभावी है। एक अध्ययन में खुलासा हुआ कि जिन्हें पहले कोरोना वायरस नहीं हुआ है और अगर वो कोरोना के डेल्टा वैरिएंट से संक्रमित होते हैं तो ऐसे लोगों के शरीर में एंटीबॉडी बनाने में यह वैक्सीन ज्यादा कारगर नहीं है। जरनल नेचर में प्रकाशित एक स्टडी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के डेल्टा वैरिएंट पर फाइजर टीका का असर ज्यादा नहीं दिखा। रिपोर्ट के मुताबिक, डेल्टा वैरिएंट के असर को रोकने में फाइजर 64 फीसदी तक प्रभावी है। इससे पहले कोरोना के अन्य वैरिएंट्स में यह वैक्सीन 94 फीसदी तक प्रभावी थी।




### कोवाक्सिन को जल्द डब्ल्यूएचओ से मंजूरी



विश्व स्वास्थ्य संगठन की मुख्य वैज्ञानिक डॉक्टर सौम्या स्वामीनाथन ने गुरुवार को एक राहत भरी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवाक्सिन के अंतिम चरण का डाटा अच्छा है, जिससे कि वैक्सीन को डब्ल्यूएचओ से मंजूरी मिलने की उम्मीद और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि टीके की समग्र प्रभावकारिता कई वेरिएंट के खिलाफ प्रभावी है। हालांकि डेल्टा वेरिएंट के खिलाफ इसकी प्रभावशीलता उम्मीद से कम है लेकिन यह अभी भी काफी अच्छा है। वैज्ञानिक ने आगे कहा कि कोवाक्सिन की सुरक्षा प्रोफाइल अब तक डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा करती है। स्वामीनाथन ने कहा कि हम उन सभी टीकों पर कड़ी नज़र रखते हैं जिन्हें आपातकालीन उपयोग सूची में शामिल किया गया है। हम अधिक से अधिक डाटा जुटाने की कोशिश करते हैं।

## क्विक अपडेट



### महिला ने दो बेटियों की हत्या कर खुद लगाई फांसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के यादाद्री भोंगिर जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक महिला ने कथित तौर पर अपनी दो बेटियों की हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने सभी को शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं प्राप्त हुआ है। हालांकि आस पड़ोस से जानकारी जुटाने के बाद पता चला है कि आर्थिक तंगी के चलते महिला ने यह कदम उठाया है।

### यूपी ब्लॉक प्रमुख चुनाव की वोटिंग कल

**लखनऊ।** यूपी में चुनाव का दौर जोरो-शोरो से जारी है। राज्य में हर जगह बीजेपी के ही जीत के जश्न देखने को मिल रहे हैं। यूपी राज्य में 10 जुलाई यानी कल चुनाव होना है ऐसे में बीजेपी द्वारा बहुत सी सीटों पर निर्विरोध जीत का दावा किया जा रहा है, जिससे अन्य दल थोड़े से चिंता में दिखाई दे रहे हैं।

### ऑक्सीजन सप्लाई पर पीएम की खास बैठक

**नई दिल्ली।** कोरोना की तीसरी लहर के खतरे की बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ऑक्सीजन सप्लाई को लेकर बड़ी बैठक अब से कुछ देर पहले शुरू हो चुकी है। पीएम मोदी देशभर में ऑक्सीजन की वृद्धि और उपलब्धता की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। गौरतलब है कि तीसरी लहर से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने एक दिन पहले ही 23,220 करोड़ रुपए के पैकेज का ऐलान किया है। इस पैकेज में 15000 करोड़ रुपए का योगदान केंद्र की ओर से था।

### महंगाई पर राहुल गांधी का तंज

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल के बाद अब कंप्रेस्ड नेचुरल गैस और पाइप्ड नेचुरल गैस के दाम बढ़ने पर राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला है। कोरोना काल में तेल की कीमतों ने लोगों को हलकान किया हुआ है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि- महंगाई का विकास जारी, अच्छे दिन देश पे भारी, पीएम की बस मित्रों को जवाबदारी !

## एक्शन में नए रेल मंत्री बदल दिया कर्मचारियों का समय, अब दो शिफ्ट



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय की कमान संभालते ही मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़े बदलाव का एलान कर दिया है। रेलमंत्री की घोषणा के मुताबिक, मंत्रालय से जुड़े विभाग के कर्मचारी और अधिकारी अब दो शिफ्टों में काम करेंगे। रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कार्यालय से एक नोट जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि रेलमंत्री के निर्देश के अनुसार तत्काल प्रभाव से मंत्रालय के सभी स्टाफ दो शिफ्ट में काम करेंगे। पहली शिफ्ट सुबह 7 बजे से शुरू होगी और शाम 4 बजे तक चलेगी। जबकि दूसरी शिफ्ट दोपहर बाद 3 बजे से शुरू होकर देर रात 12 बजे तक चलेगी। रेलवे बोर्ड के अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस आदेश के अनुसार सिर्फ मंत्री सेल के लोग आएंगे। निजी और रेलवे स्टाफ पहले की तरह ही काम करेंगे।। अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कार्यभार संभालने के बाद कहा, रेलवे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का अहम हिस्सा है। रेलवे के जरिये लोगों के जीवन को बदलना है, ताकि आम आदमी, किसान, गरीबों को इसका लाभ मिले। नए रेलमंत्री ने गुरुवार सुबह 9 बजे रेल भवन पहुंच कर कामकाज संभाला। उसके कुछ देर बाद रेल राज्यमंत्री दर्शना विक्रम जरदोश ने भी पदभार ग्रहण किया।

# मौसम बदलने से भारत में हर साल सात लाख से अधिक मौत

**नई दिल्ली।** भारत में हर साल मौत के करीब 7,40,000 मामले जलवायु परिवर्तन के कारण असामान्य तापमान से जुड़े हो सकते हैं। लांसेट प्लेनेटरी हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में यह बात सामने आई है। ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय में अनुसंधानकर्ताओं के एक अंतरराष्ट्रीय दल ने पता लगाया कि हर साल दुनियाभर में 50 लाख से अधिक लोगों की मौत तापमान के सीमा से अधिक होने या कम होने के कारण हुई। बुधवार को प्रकाशित अध्ययन के अनुसार 2000 से 2019 के बीच सभी क्षेत्रों में अधिक तापमान के कारण मौत के मामले बढ़े हैं। इससे संकेत मिलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान बढ़ने से भविष्य में मौत के आंकड़े बढ़ सकते हैं। द्वअनुसंधानकर्ताओं के अनुसार भारत में प्रति वर्ष असामान्य सर्दी की वजह से मौत के मामलों की संख्या 6,55,400 रहती है, वहीं अधिक तापमान या गर्मी की वजह से मौत के मामलों की संख्या हर साल 83,700 रहती है। अध्येताओं ने पूरी दुनिया में 2000 से 2019 के बीच तापमान और उससे संबंधित मृत्यु के आंकड़ों का अध्ययन किया।



**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक जिन राज्यों में मामले बढ़ रहे हैं उनमें केरल (11414 नए मामले), महाराष्ट्र (8815 नए मामले), तमिलनाडु (3565 नए मामले), आंध्र प्रदेश (3461 नए मामले), कर्नाटक (3342 नए मामले), असम (2946 नए मामले), ओडिशा (2896 नए मामले), पश्चिम बंगाल (1490 नए मामले) और तेलंगाना (993 नए मामले) का नाम शामिल है।**

### कोरब्रेन, लिवर और किडनी में पहुंचा कोरोना का संक्रमण



भोपाल एम्स की स्टडी से इस बात का भी खुलासा हुआ है कि मौत के 20 घंटे बाद तक कोविड-19 वायरस संक्रमित मरीज के शरीर में पाया गया। भोपाल एम्स के डायरेक्टर डॉक्टर सरमन सिंह ने एक मीडिया समूह से बात करते हुए बताया कि एम्स भोपाल में पिछले साल अगस्त से नवंबर तक 21 कोरोना संक्रमित मरीजों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें सामने आया कि मृतकों में से 45 फ़ीसदी के ब्रेन में कोविड-19 संक्रमण पहुंचा था, 90 फीसदी फेफड़ों में और इसके अलावा किडनी, लिवर, पैनक्रियाज को कोरोना ने संक्रमित किया। परिजनों की मंजूरी और कोरोना गाइडलाइंस के तहत, एम्स में 21 शवों का पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें सामने आया कि मृतकों में से 45 फ़ीसदी के ब्रेन में कोविड-19 संक्रमण पहुंचा, 35 फीसदी का पैंक्रियाज सिस्टम बिगड़ गया। सबसे ज्यादा 90 फीसदी फेफड़े संक्रमित पाए गए।

## सुरक्षाबलों-आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू, दो से तीन आतंकी घेरे गये



**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाया गया सर्च ऑपरेशन मुठभेड़ में बदल गया। इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना के आधार पर देर रात चलाए गए इस तलाशी अभियान के दौरान रेडवानी इलाके में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों को अपने नजदीक आते देख गोलीबारी शुरू कर दी। फिलहाल जवान अपनी पोजीशन पर डटे हुए हैं और दोनों ओर से गोलीबारी का सिलसिला जारी है। इससे पहले सुरक्षाबलों ने कुलगाम के जोडार इलाके में गत वीरवार को लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया था। श्रीनगर हाईवे के समीप एक इलाके में छिपे ये आतंकी बड़े हमले को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कुलगाम में दो से तीन आतंकियों के देखे जाने की सूचना के आधार पर एसओजी, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने यह तलाशी अभियान देर रात को शुरू किया था। इस दौरान रात के ही समय सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच संक्षिप्त मुठभेड़ भी हुई परंतु इससे पहले की सुरक्षाबल आतंकियों की घेराबंदी करता आतंकी अंधेरे का फयदा उठाकर वहां से बच निकले।

# जनता परिपक्व सरकारें अपरिपक्व

### सुप्रीम कोर्ट ने फेसबुक इंडिया के प्रमुख अजीत मोहन मामले में दिए फैसले में की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फेसबुक इंडिया के प्रमुख अजीत मोहन मामले में दिए अपने फैसले में पिछले कुछ वर्षों से केंद्र और राज्य स्तर पर दो अलग-अलग राजनीतिक दलों को सत्ता में लाने के लिए दिल्ली के मतदाताओं की प्रशंसा की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए सरकार का कब्जा है लेकिन विधानसभा चुनावों में बहुत ही अलग परिणाम आया। ऐसा दो बार हो चुका है। यह मतदाताओं की परिपक्वता को दर्शाता है। केंद्र में किसी अन्य दल की सरकार सत्ता में है जबकि राज्य में दूसरे को चुना गया क्योंकि भूमिकाएं भिन्न हैं। हालांकि दो चुनी हुई सरकारों के संबंध में वही परिपक्वता गायब है। कोर्ट ने कहा है कि दोनों पक्षों से परिपक्वता की दरकार है। परिपक्वता की अनुपस्थिति के कारण दोनों सरकारों के बीच टकराव सी स्थिति बनी रहती है। कोर्ट ने कहा है कि कोई भी शासन मॉडल काम नहीं कर सकता है यदि दोनों पक्षों में से कोई एक का हठी रवैया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में राज्य और केंद्र सरकारों के बीच लंबी और बार-बार की लड़ाई ने दिल्ली दंगों(वर्ष2020) के परीक्षण के लिए दिल्ली विधानसभा द्वारा गठित शांति और सद्भाव समिति के अच्छे इरादे पर भी छाया डाली है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच शासकीय मसलों को लेकर अक्सर होने वाले टकराव मुकदमेबाजी के लिए जिम्मेदार रहा है। मिलकर काम करने की बार-बार न्यायिक सलाह के बावजूद इस मुद्दे पर सफलता नहीं मिल सकी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि दिल्ली में शक्तियों के विभाजन की संवैधानिक योजना को मान्यता देनी होगी। उसे अपनी शक्तियों के भीतर काम करने की क्षमता को सीमित करना होगा। जब सरकार चुनी गई तो उसे पता था कि वे किस लिए चुने जा रहे हैं। न कि वे यह सोचे कि शक्तियों का विभाजन होना चाहिए। दूसरी ओर केंद्र सरकार को एक अलग राजनीतिक व्यवस्था के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।



# पीडब्ल्यूडी के प्रभारी एसडीओ से मिली करोड़ों की बेनामी संपत्ति

### सुबह दरवाजा खोला तो सामने ईओडब्ल्यू की टीम को देख होश उड़े

**ग्वालियर।** ईओडब्ल्यू की टीम ने शुक्रवार की सुबह पीडब्ल्यूडी के प्रभारी एसडीओ रविंद्र कुशवाह के डीबी सिटी स्थित निवास पर छापा मारा। सुबह-सुबह दरवाजे की घंटी सुनकर जब आंख मलते हुए घरवालों ने दरवाजा खोला तो सामने ईओडब्ल्यू की टीम को देख होश उड़ गए। टीम ने जाते ही सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को एकत्रित करना शुरू कर दिया। खबर है कि दोपहर तक करीब बीस करोड़ की संपत्ति का ब्यौरा टीम को मिल चुका था। जिसमें लाखों की नगदी के अलावा, सोना, फ्लैट और जमीन के कागजात भी शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी के प्रभारी एसडीओ रविंद्र कुशवाह वर्तमान में ग्वालियर में पदस्थ हैं। वह बिल्डिंग मेंटेनेंस का कार्य संभालते हैं। इनका मूल पद उपयंत्री का है, लेकिन वर्तमान में एसडीओ के चार्ज में है। सूत्रों की माने तो कुछ समय के लिए इनके पास जीवाजी विश्वविद्यालय में यंत्री का प्रभार भी था। ईओडब्ल्यू की टीम को जांच के दौरान इनके निवास से करोड़ों की बेनामी संपत्ति मिली है।



# धार्मिक स्थल बने तस्करों का गठजोड़

**इंदौर।** उमिथाइलीन डाइऑक्सी मेथैमफेटामाइन केस में गिरफ्तार मेहजबीन उर्फ बाजी उर्फ पापा ने निजामुद्दीनस्थित धार्मिक स्थल पर ही तस्कर किन्नर से मुलाकात की थी। किन्नर ने उसे कोकोन सप्लाई में धकेला और धीरे-धीरे बाजी मुंबई-इंदौर और राजस्थान के तस्करों के संपर्क में आ गई। वह 20 करोड़ रुपये से ज्यादा का ड्रग सप्लाई कर चुकी है। मुंबई के कई पबों और कैफे में मेहजबीन का ड्रग सप्लाई होता है। उसका जयपुर की जेल में बंद तस्कर कफील से भी सीधा संपर्क है। क्राइम ब्रांच एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर के मुताबिक मेहजबीन, अनवर लाला, जुबेर हलाई और सलीम चौधरी को रिमांड पर लिया है। मूलतः गुजरात की रहने वाली मेहजबीन की पहली शादी बड़ौदा के अशरफ अली से हुई और तलाक हो गया। गुजरात दंगों के बाद वह मुंबई में रहने वाली नानी के घर आ गई और वर्ष 2011 में मलाड़ निवासी रहवर शेख से निकाह कर लिया। कुछ समय बाद शेख ने भी छोड़ दिया तो बुर्के, जरी-गोटे का काम शुरू किया। बाद में वह पब और डांस बार में जाने लगी।एक बार वह दिल्ली गई तो निजामुद्दीन में एक किन्नर से मुलाकात हुई। उसे आर्थिक तंगी के बारे में बताया तो किन्नर घर ले गई और कोकीन सप्लाई के बारे में बताया। मेहजबीन कोकीन के धंधे में उतर गई



### निलंबित आईपीएस जीपी सिंह पर राजद्रोह का केस



**रायपुर।** पिछले दिनों एंटी करप्शन ब्यूरो के छापे के दौरान एडीजी के सरकारी बंगले और उनके करीबियों के यहां से कुछ डोजियर और टूलकिट दस्तावेज और पेन ड्राइव मिले थे, जिसकी जांच में पुलिस ने सरकार के खिलाफ षड्यंत्र मानते हुए कोतवाली पुलिस ने जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज किया।

### फ्लैट पर बुलाकर बनाते थे वीडियो, फिर करते थे घिनौना काम, बैंक मैनेजर को फंसाया, खुला राज



**मुंबई।** पति की मौत के बाद लोगों को हनी ट्रैप में फंसाने वाली महिला को पुलिस ने उसके साथी के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी महिला के पति का दोस्त है। शिवानी और मोदी नगर निवासी अमित कुमार ने मुंबई के एक बैंक प्रबंधक को हनी ट्रैप में फंसाकर 5 लाख रुपये वसूलने का प्रयास किया था। शिकायत के मुताबिक प्रबंधक ने एक वैवाहिक वेबसाइट पर शादी के लिए विज्ञापन दिया था। विज्ञापन देखकर शिवानी ने उससे संपर्क किया और विवाह की इच्छा जताई। इसके बाद हनी ट्रैप की साजिश रची और इसमें शिवानी के भाई को भी शामिल कर लिया।

ईगल बैटरी

डीलर-एक्साइड बैटरी

सभी गाड़ियों की बैटरी

EXIDE MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE



पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग

जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

# शगुफ्ता अली का दर्द सुनकर भावुक हुए सभी

**वेब डेस्क।** फेमस एक्ट्रेस शगुफ्ता अली ने हाल में ये खुलासा किया कि वो पिछले कुछ सालों से आर्थिक तंगी से गुजर रही हैं। हालत यहां तक बुरे हो गए कि शगुफ्ता को अपनी कार और गहने तक बेचने पड़े। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके पास कुछ भी बेजने के लिए बचा नहीं है, ऐसे में उन्होंने सभी से मदद की गुहार लगाई। ष्ट्ढ्ढहृ्र ने एक्ट्रेस की मदद भी करना चाही, लेकिन उन्होंने सिन्टा की मदद लेने से मना कर दिया। एक्ट्रेस का कहना था कि सिन्टा बहुत कम पैसे दे रहा था इससे उनकी मदद नहीं होती इसलिए उन्होंने उनकी मदद नहीं की। लेकिन अब एक्ट्रेस को 5 लाख रुपए की मदद मिल गई है। डांसिंग रिएलिटी शो 'डांस दीवाने 3' की तरफ से शगुफ्ता अली को 5 लाख रुपए दिए गए हैं। इस बात की जानकारी कलर्स के इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी गई है। शो की जज माधुरी दीक्षित शगुफ्ता को 5 लाख रुपए का चेक देती दिख रही हैं। वीडिय में दिख रहा है कि बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर और डायरेक्टर रोहित शेट्टी शो पर पहुंचे हैं। जो कंटेस्टेंट की प्यार से गले लगाते दिख रहे हैं। इसके बाद शगुफ्ता अली स्टेज पर आती हुई दिखती हैं। बातचीत के दौरान अपनी अर्थिक स्थिति के बारे में बताते हुए शगुफ्ता कहती हैं 'पिछले 36 सालों में से 3 साल बहुत बेहतरीन गुज़रे, खूब काम किया खूब स्ट्रगल किया, लेकिन 4 साल पहले से हालात खराब होने लगे, कहीं भी बात नहीं बन रही थी। उसी दौरान डायबिटीज़ की वजह से मेरे पैरों की तकलीफ बढ़ गई, इसका असर मेरी आखों पर भी हुआ है, 4 साल में मुझे जो तकलीफ हुई वो मुझसे बर्दाश्त नहीं हुई, ये इंडस्ट्री मेरा घर है मैंने इसे अपने 36 साल दिए हैं'। शगुप्ता का दर्द सुनकर वहां मौजूद सभी लोग रोने लगते हैं।



### ग्राम सभा ने कलेक्टर पर किया 25 लाख का जुर्माना



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले की आदिवासी ग्राम सभा सेहरा (शाहपुर) ने जिले के कलेक्टर पर 25 लाख रुपए का जुर्माना ठोका है। मामला पुलिस की कथित प्रताड़ना से स्वस्थ होकर एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या कर लेने का है। ग्रामसभा का कहना है कि कलेक्टर मृत व्यक्ति की पत्नी को न्याय देने में नाकाम रहे। कलेक्टर पर यह जुर्माना मध्यप्रदेश रूढ़ि जन संहिता 1992 के तहत लगाया गया है।महिला संगीता ने आदिवासी ग्राम सभा बुलाई थी। उसने बताया कि उसके पति सियाराम धुर्वे को हत्या के एक मामले में चिचोली थाना पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके बाद उसे छोड़ दिया गया लेकिन सिर्फ पुलिस आए दिन घर में आने लगी। पुलिस वाले ?10000 रिश्वत की मांग कर रहे थे। बार-बार पुलिस के घर आने के कारण तनाव में आए सियाराम धुर्वे ने जहरीली दवा का सेवन करके आत्महत्या कर ली थी। महिला ने बताया कि दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करवाने के लिए उसने पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रशासन से गुहार लगाई थी परंतु उसके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# जिला अस्पताल में जल्द शुरू होगा 1 हजार एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लान्ट

## कलेक्टर ने स्थापित किये जा रहे प्लान्ट का किया विजिट, सेफ्टी के लिये मेन्युअल तैयार करने के निर्देश

**कटनी।** शासन-प्रशासन द्वारा कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने की तैयारियां मुस्तैदी से की जा रही हैं। जिले में चिकित्सा सुविधा और बेहतर करने के लिये सतत् रुप से साधन-संसाधन बढ़ाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में एक अच्छी खबर सामने आई है। जिला अस्पताल में पीएम केयर फण्ड से प्राप्त एक हजार एलपीएम की क्षमता का मेडिकल ऑक्सीजन प्लान्ट पहुंच चुका है। इसे स्थापित करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। गुरुवार को जिला अस्पताल पहुंचकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मेडिकल ऑक्सीजन प्लान्ट के इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया का जायजा लिया। साथ ही तेजी से कार्य को पूरा करने के निर्देश भी उन्होने दिये।





अपने विजिट के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने डीआरडीओ द्वारा डिजाईन और विकसित किये गये मेडिकल ऑक्सीजन प्लान्ट का विजिट किया। जहां पर उन्होने प्लान्ट की स्थापना को लेकर की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही प्लान्ट की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सिविल सर्जन को ऑक्सीजन प्लान्ट के पॉवर बैकअप के लिये जनरेटर की व्यवस्था जल्द ही कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसके माध्यम से जिला अस्पताल में आवश्यकता अनुसार ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके लिये ऑक्सीजन सप्लाई लाईन स्थापित करने का शेष कार्य भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश सिविल सर्जन को कलेक्टर ने दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्लान्ट इंस्टॉलेशन का कार्य कर रहे एलएनटी के अधिकारियों को मेडिकल ऑक्सीजन प्लान्ट की सुरक्षा की दृष्टि सेफ्टी मेन्युअल तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने कहा कि ऑक्सीजन प्लान्ट स्थापित करने के लिये गठित की गई कमेटी, जिला अस्पताल में स्थापित किये जाने पर एक हजार एलपीएम और 600 एलपीएम के प्लान्ट में विद्युत सप्लाई के लिये क्या व्यवस्थायें कॉमन होंगी, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया। ऑक्सीजन प्लान्ट के साथ ही कलेक्टर ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन मेटरनिटी सेन्टर के कार्य का भी जायजा लिया। उन्होने कहा कि इस कार्य की गति भी ठीक है। यदि संभावित तीसरी लहर आती है, तो इसका उपयोग भी हम कर पायेंगे। यह ऑक्सीजन प्लान्ट के बगल में भी है। इसका लाभ भी हमें मिलेगा। विजिट के दौरान सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, पीआईयू के अधिकारी तथा प्लान्ट इंस्टॉलेशन कंपनी एलएनटी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## शहरी असंगठित कामगार पोर्टल में होगा पथ विक्रेताओं का पंजीयन

**कटनी।** कोविड -19 संक्रमण के दौरान लॉकडाउन से उत्पन्न परिस्थितियों में असंगठित कामगार क्षेत्र में कार्यरत शहरी पथ विक्रेताओं को पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत गत वित्तीय वर्ष की भांति वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10 हजार रूपये की कार्यशील पूंजी ऋण के रूप में प्रदान करनें के लिए मध्यप्रदेश शासन नें शहरी कामगार पोर्टल पर पथ विक्रेताओं का पंजीयन पुनः प्रारंभ किया है। निगमायुक्त सत्येन्द्र



सिंह धाकरे ने ऐसे सभी पथ विक्रेता व्यवसायी जो नगर पालिक निगम कटनी क्षेत्र के निवासी है तथा आधार कार्ड एवं वोटर आई.डी कार्ड में नगरपालिक निगम कटनी क्षेत्र का पता दर्ज है तथा सब्जी, फल, पान की गुमटी, मनिहारी, अंडा, ब्रेड, मोची, सडक किनारे रेडीमेड कपडा व्यवसाय, सैलून की गुमटी, जूता चप्पल, फुल्की, चाट, आईस्क्रीम, मूर्तिकार, मिट्टी के बर्तन, बांस के बर्तन, मछली, चश्मा, चैन, ताला -चाभी आदि का सडक किनारे व्यवसाय या फेरी लगाकर व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेता अपनें आधार कार्ड के लिंक मोबाईल नंबर, बायोमैट्रिक मशीन सत्यापित आधार कार्ड, समग्र आई.डी, बैंक खाता के दस्तावेज के साथ शहरी असंगठित कामगार पोर्टल पर या तो स्वयं पंजीयन कराकर या एम0पी0 ऑनलाईन की दुकान या नगरपालिक निगम कटनी कार्यालय की एन.यू.एल.एम. शाखा में आकर अपना पंजीयन करावें। सभी पथ विक्रेता जिन्होनें पूर्व में अपना पथ विक्रेता के रूप मे पंजीयन नहीं कराया है वे इस योजना अन्तर्गत पंजीयन हेतु पात्र है। योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए नगर निगम आयुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि पूर्व वित्तीय वर्ष में नगर पलिक निगम कटनी द्वारा 5547 के लक्ष्य के विरूद्ध कुल 6036 हितग्राहियों के आवेदन बेंकों में स्वीकृति हेतु प्रेषित किये गए थे जिसमें बेंकों द्वारा 5046 स्वनिधि योजना के आवेदन स्वीकृत किए तथा 4674 हितग्राहियों को ऋण का वितरण किया गया। वर्तमन वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा 2485 का लक्ष्य प्रदान किया गया, विभिन्न बेंकों में अभी 618 ऋण आवेदन स्वीकृति हेतु लंबित है तथा 130 हितग्राहियों को ऋण वितरित किया गया है। आयुक्त श्री धाकरे ने सभी पथ विक्रेताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पथ विर्क्रेता के रूप में पंजीयन तथा पी0एम0 स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण का आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वृक्षारोपण




**कटनी।** टिंबर एसोसिएशन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजय नगर में मुख्य अतिथि वन मंडल अधिकारी आरसी विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि उप वन मंडल अधिकारी ओ पी बघेल परिक्षेत्र अधिकारी अभय पांडे की उपस्थिति में पौधा रोपण किया गया सर्वप्रथम वन मंडल अधिकारी द्वारा आंवले के पौधे रोपण किया गया उप वन मंडल अधिकारी के द्वारा हर्रा का पौधा एवं परिक्षेत्र अधिकारी ने नीम का पौधारोपण किया एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष चमन लाल आनंद ने बेल का पौधा सचिव जीवराज भाई पटेल ने नींबू का पौधा लगाया सभी एसोसिएशन के सदस्यों ने क्रम से पौधारोपण किया तत्पश्चात एसोसिएशन अध्यक्ष चमन लाल आनंद सचिव जीवराज भाई पटेल उपाध्यक्ष सचिव चौथ 14 शंकर भाई पटेल सतीश कुमार आनंद द्वारा मन मन वन मंडल अधिकारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया क्रम से एसोसिएशन के सदस्य नारायण भाई पटेल सूरज गुप्ता, श्याम अहूजा, अंकित महाजन सोनू मनमानी श्याम बिहारी गुप्ता सुरेश पटेल योगेश पटेल घनश्याम चावला खेमचंद पटेल विद्यालय के व्यवस्थापक मूलचंद गुप्ता विद्यालय के प्रचार मनोज कुमार शुक्ला पप्पू मंडल वन मंडल अधिकारी श्री बघेल, परीक्षेत्र अधिकारी अभय पांडे का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया स्वागत उपरांत विद्यालय के भैया बहनों ने स्वागत गीत गाया भैया तरुण बैरागी ने पर्यावरण व वृक्ष लगाने पर भाषण दिया एवं बहन भूमि बैरागी नेहा विश्वकर्मा ने पर्यावरण गीत गाया वन मंडल अधिकारी श्री विश्वकर्मा ने वनों से प्राप्त सुख सुविधाओं के विषय में प्रकाश डाल डाला। वनों का महत्व बताया। जीवन में शुद्ध हवा हमें वनों से वृक्षों से प्राप्त होती है वृक्ष सबका जीवन साथी है एवं खेत खलियान ओर एवं अपने घरों के आसपास वृक्ष पेड़ पौधे जरूर लगाने चाहिए। एसोसिएशन के अध्यक्ष चमन लाल आनंद द्वारा वृक्षारोपण के सभी सदस्यों द्वारा पहल कर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं वन मंडल अधिकारी द्वारा अपना अमूल्य समय देकर मार्गदर्शन देने पर आभार व्यक्त कर कार्यक्रम संपन्न किया।




## मुख्यालय 1 सिगनल सेन्टर जबलपुर में सेना भर्ती 29 अगस्त को

**कटनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कटनी कर्नल मुनिन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यालय 1 सिगनल सेन्टर जबलपुर के द्वारा 29 अगस्त को सोल्जर जी.डी. के लिये भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कार्यरत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं अथवा विधवाओं के बच्चों, कार्यरत सैनिकों के सगे भाई शामिल हो सकते हैं। कटनी जिले के समस्त कार्यरत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं को सलाह दी गई है कि जो अपने बच्चों को भर्ती करवाना चाहते हैं, वे इस अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी के दूरभाष नंबर 07622-223144 पर संपर्क किया जा सकता है।

## निगमायुक्त ने कार्य सुविधा की दृष्टि से किया नवीन दायित्वों का आवंटन

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से निगम में कार्यरत कर्मचारियों को नवीन दायित्वों का आबंटन किया जाकर विभागाध्यक्ष के संपूर्ण अधीक्षण एवं नियंत्रण में कार्य संपादन हेतु आदेशित किया गया है। प्रदीप सिंह सोलंकी सहायक ग्रेड -1 एवं अवधेश सिंह सोलंकी सहायक ग्रेड -2 को वर्तमान दायित्वों से मुक्त किया जाकर राजस्व विभाग में प्रभारी अधिकारी राजस्व के निर्देशन में सौपे गए दायित्व, परसनाथ प्रजापति सहायक ग्रेड -3 को वर्तमान दायित्वों के साथ विधि प्रभारी के दायित्वों का निर्वहन तथा गिरीराज पाठक दे.वे.भो. को वर्तमान दयित्वों के साथ आगामी आदेश तक विधि शाखा में विधि प्रभारी के निर्देशन में सौपे गए दायित्वों का तत्काल प्रभाव से निर्वहन करनें हेतु आदेशित किया गया है।

# जन्म के समय बेटियों के लिंगानुपात में 13 अंकों की वृद्धि

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दिशा में किए जा रहे सार्थक प्रयास

**कटनी।** भारत की शान हैं बेटियां, हम सबका अभिमान हैं बेटियां। कहते हैं बेटे, भाग्य से होते हैं, लेकिन बेटियां सौभाग्य से। समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को प्रोत्साहन देने एवं लिंगानुपात में सुधार के लिये भारत सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ओ' योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा सतत् रुप से बेटियों को लेकर विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनायें बनाई गई हैं, जिसका क्रियान्वयन प्रभावी रुप से कराया जा रहा है। इन्ही अभियानों के सार्थक परिणाम जिले में सामने आये हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह ने बताया कि जिले में 3 वर्षों में लिंगानुपात 13 अंक बढ़ा है। सामूहिक रुप से सहभागिता करते हुये जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विगत वर्षों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का सफल क्रियान्वयन किया गया। जिसके ही परिणाम स्वरुप विगत तीन वर्षों में जिले में जन्म के समय लिंगानुपात में 13 अंकों की वृद्धि दर्ज हुई है। डीपीओ श्री सिंह ने बताया कि वर्ष 2018-19 में जन्म के समय बेटियों का लिंगानुपात 924 था। 2019-20 में यह बढ़कर 931 हुआ और वर्ष 2020-21 में यह बढ़कर 937 हो गया है। इस विषय में मानसिकता में बदलाव एवं सामाजिक चेतना के लिये विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन विभाग द्वारा किया गया। इनमें बेटियों के जन्म पर स्वागत, बेटियों के अभिभावकों का सम्मान, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन, बेटियों को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराने के निरंतर कार्यक्रमों के साथ ही कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षणों का आयोजन भी प्रभावी रुप से किया गया। वर्ष 2019-20 में विभाग द्वारा बेटियों के जन्म पर उनका एवं उनके अभिभावकों का सम्मान करने की विशेष पहल (स्वागत नंदिनी) को भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत देश के 25 सर्वश्रेष्ट नवाचारों में सम्मिलित किया गया। पिछले वर्ष 2020-21 में महिला सम्मान अभियान के तहत विभाग द्वारा जिले में 18 हजार 832 बालिकाओं का कन्या पूजन, 21 हजार 326 गर्भवती एवं धात्री माताओं का सम्मान, 69 हजार 44 लाडली लक्ष्मी हितग्राही बालिकाओं एवं 28 हजार 137 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही माताओं का सम्मान आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से किया गया। इतना ही नहीं जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में अभिनव पहल करते हुये जिले की वीर बेटी अर्चना केवट को 8 मार्च 2021 को अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिन का सांकेतिक रुप से कलेक्टर बनाया गया था। काबिलेगौर है कि सुश्री केवट द्वारा सम्मान अभियान से प्रेरित होकर दो बालिकाओं को छेड़छाड़ से बचाया गया था। उनके इस साहस को सम्मान देने के नवाचार की सारे देश में सराहना भी हुई थी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के ध्येय वाक्य को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के प्रयासों से जिले में बेटियों के प्रति सकारात्मक भाव को बढ़ावा मिल रहा है एवं जन्म के समय लिंगानुपात में सुधार भी सामने आ रहा है।




स्वागत नंदिनी भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत देश के 25 सर्वश्रेष्ठ नवाचारों में रही सम्मिलित

# प्रभात फेरी निकालकर दिया सैप्टिक टेंक एवं सीवर की सुरक्षित सफाई का संदेश







**कटनी।** कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास अनवरत जारी है। नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे इस हेतु निगम द्वारा अपनी सहयोगी संस्था के सदस्यों के माध्यम से रोजाना नगर के विभिन्न वार्डो में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाकर सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील की जा रही है।

नोडल अधिकारी सुनील सिंह स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों के द्वारा विगत दिवस बाबा नारायण शाह वार्ड में आज प्रातः राम कृष्ण परमहंस वार्ड में स्थानीय वार्ड दरोगा की उपस्थिति में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाकर स्थानीय जनों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की जानकारी प्रदान की जाकर घरों से निकलनें वाले कचरें को अलग अलग डस्टबिन में रखनें घरों को आसपास स्वच्छता बनाये रखनें की अपील की गई। बाबा नारायण शाह वार्ड में माधवनगर जोन कार्यालय के पीछे स्थित बस्ती में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर स्थानीय जनों को सैप्टिक टेंक एवं सीवर की सुरक्षित सफाई करानें के चार नियमों, नियमित सफाई एवं अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और प्रणाली का पालन एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी से अवगत कराकर उपस्थित रहवासियों से सेप्टिक टैंक ओर सीवर की असुरक्षित सफाई होते पाये जानें की सूचना टोल फ्री नंबर 14420 पर देनें की अपील की गई।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई — त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ — मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ — महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ — महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी

हेल्पलाईन नं.8982275111

उपलब्ध सुविधायें
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज


कटनी, शुक्रवार, 09 जुलाई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

### 43 खण्डपीठों का किया गया गठन, आपसी रजामंदी से सुलझेंगे मामले

कटनी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा श्यामाचरण उपाध्याय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मागर्दशन में तथा सुश्री श्वेता गोयल जिला न्यायाधीश/सचिव तथा मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में जिले के समस्त न्यायालयों, राजस्व न्यायालय एवं अन्य विभागों में कल 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत की तैयारी वृहद स्तर पर की जा रही है। उक्त संबंध में प्री-सिटिंग बैठकें लगातार आयोजित की जा रही है, जिसके लिये सभी आवेदक पक्षकारों से अनुरोध किया गया है कि अपने दस्तावेज पूर्ण करते हुये अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणों का समझौतापूर्वक निराकरण करते हुये लाभ उठाये। कल 10 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में कुल 43 खण्डपीठों का गठन




नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, निगोशिएबल इंस्टूमेंट के अंतर्गत चैंक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, ग्राम न्यायालय, राजस्व न्यायालय, जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्री-लिटिगेशन के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। इस लोक अदालत की सफ्लता के लिये प्राधिकरण से संबंधित पीएलव्ही एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रचार-प्रसार करते हुये महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। नेशनल लोक अदालत में आम जनता से यह अपील है कि जिन लोगों के मामलें न्यायालय में चल रहे है, संबंधित न्यायालय में एवं अपने अधिवक्ता से संपर्क स्थापित कर राजीनामा योग्य प्रकरणों में समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण करवा सकते है। साथ ही छोटे-मोटे आपसी विवाद एवं मतभेद वाले मामलें जिनकी शिकायत संबंधित विभाग एवं न्यायालय तक अभी नहीं पहुंचा पाये है, ऐसे व्यक्ति भी संबंधित विभाग या न्यायालय में प्री-लिटिगेशन के माध्यम से आवेदन दे सकते है। इस नेशनल लोक अदालत में लोकोपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रकरण/आवेदन (जैसे- दूरसंचार, नगर निगम, विद्युत, पोस्ट-ऑफिस) आदि प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा, जिसके पीठासीन अधिकारी जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष लोकोपयोगी सेवा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री इसके सदस्य होते है। पक्षकारगण लोकोपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रकरणों के भी अधिक से अधिक संख्या में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। सुश्री श्वेता गोयल जिला न्यायाधीश/सचिव ने इस लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सुअवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## 30 जून को जारी आदेश अब 15 जुलाई तक प्रभावशील

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण की दर में कमी को देखते हुये समय-समय पर कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों में शिथिलता के संबंध में आदेश जारी किये गये हैं। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जिले में व्यापक लोकहित के दृष्टिकोण से जनसामान्य के स्वास्थ्य एवं लोक शांति बनाये रखने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धार 144 के तहत आदेश जारी किया है। इस आदेश में मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के दिशा-निर्देशों एवं पूर्व में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में लिये निर्णय अनुसार तथा 30 जून 2021 को जारी आदेश में उल्लेखित कंडिकाओं व 2 जुलाई में उल्लेखित कंडिकाओं एवं शर्तों को यथावत् रखा गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा जारी यह आदेश 15 जुलाई तक प्रभावशील रहेगा।



## विजयराघवगढ़ में लोगों ने दिखाई जागरूकता

### एक्सीलेंस स्कूल में बनाए गए सेंटर में 440 को लगा टीका

**विजयराघवगढ़।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ में बनाए गए कोविड-19 सेंटर में कल गुरूवार को 440 लोगों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण अभियान में प्रशासन के आदेशानुसार ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विनोद कुमार के निर्देशन में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैक्सीनेशन सेंटर में क्षेत्रभर के जागरूक लोगों ने वैक्सीन टीकाकरण हेतु पहुंचकर लोगों ने टीकाकरण करवाया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की ज्यादा संख्या रही। सबसे अधिकतम 85 वर्षीय जनक दुलारी तिवारी वार्ड क्रमांक 11 एवं 50 वर्षीय बानो बंजारी ग्राम की जो विकलांग होते हुए भी टीकाकरण सेंटर पहुंचकर वैक्सीन लगवाई। वैक्सीनेसन केंद्र में डीईओ मोहित बल्के, एएनएम सीमा रहंगडाले, पार्वती चौधरी, सीएचओ नीतू भगत, कम्प्यूटर आपरेटर मोहित भगत, विपिन कुमार बर्मन, आशा सहायिका शिवनंदिनी नामदेव, वेंकटेश नामदेव, श्रीमती उषा सेन, श्रीमती पार्वती देवी, ब्रजेश सोनी, सुरेन्द्र शर्मा, शेख राजू, खुर्शीदा की उपस्थिति रही। वैक्सीनेशन केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग व मार्क्स की अनदेखी होती रही।

## ग्राम पंचायत सचिव पर नहीं हुई कार्रवाई, ग्रामीणों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**कटनी।**

जिले के ढीमरखेड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत सगौना के सचिव मनीष महोबिया पर कार्यवाही नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने सांसद हिमाद्री सिंह को ज्ञपन सौंपा। ग्रामीणों ने शिकायत पत्र में बताया कि सगौना ग्राम पंचायत सचिव द्वारा पंचायत में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। डबल जॉब कार्ड बनाकर बिना कार्य प्रगति के 6 मास्टर निकालने की शिकायत किए लगभग एक माह से ज्यादा का समय बीत गया। लेकिन अभी तक कोई जांच टीम नहीं पहुंची। ग्रामवासियों ने जनपद सीईओ के ऊपर नाराजगी जताते हुए कहा कि आवेदन के साथ पुख्ता प्रमाण भी पेश किए गए हैं। जनपद सीईओ सचिव को बचाने के लिए सचिव मनीषा महोबिया के ऊपर अभी तक कोई कार्यवाही करने से बच रहे हैं। ग्रामीणों ने सांसद हिमान्द्री सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए न्याय की मांग की है। ज्ञापन के समय ग्रामवासी आनंद सिंह मार्को, जगत सिंह बरकड़े, चंद्रभान यादव, कुंजी सिंह मरावी, सहदेव प्रसाद यादव, बली सिंह बरकड़े, कमल सिंह, श्रीकुमार यादव, इंद्र कुमार धुर्वे आदि मौजूद रहे।



## एकता परिषद ने शुरू किया आपदा राहत अभियान

### जरूरतमंदों को पोषण आहार किट का वितरण



**कटनी।** एकता परिषद, मानव जीवन विकास समिति द्वारा 15 जिले कटनी, सतना, सीधीए उमरिया, रीवा, शहडोल, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, जबलपुर, सिवनी, डिण्डौरी, मण्डला और बालाघाट में 1200 आपदा राहत किट वितरित की गई है। जिसमे से 10 जिले में राहत किट वितरण का काम भी प्रारम्भ हो चुका है। यहां पर लगभग 400 राहत किट का वितरण किया जा चुका है। आपदा राहत किट में दलिया, गुड़, सोयाबीन बरी, चना, मूंगफली दिया जा रहा है। आपदा राहत किट गर्भवती, धात्री महिलाएं, कुपोषित बच्चे, दिव्यांग, जरूरतमंद एवं अधिक गरीब परिवार को दिया जा रहा है, जिसके सहारे आवश्यकता वाले परिवार को समय पर पोषण आहार मिल सके और कोई कुपोषित न रहे। कोरोना महामारी से बचने उपाय बताया गया मास्क लगाये, सामाजिक दूरी बनाकर रखेए हाथों को बार बार साबुन से धोनेए टीका लगवाने प्रेरित किया गया बताया गया टीका लगवाने से कोरोना बीमारी से बचा जा सकता है। एकता परिषद व मानव जीवन विकास समिति द्वारा बड़वारा ब्लॉक के जमुनिया गांव में कोरोना राहत पोषण किट, पोषण आहार, मेडिसिन किट 60 गर्भवती व धात्री महिला को 60 किशोरी बालिकाओं को और 60 बच्चों सहित 180 लोगों को कोरोना आपदा राहत किट का वितरण किया गया। अन्य ग्रामीणों की अच्छी भागीदारी रही। कोरोना से लड़ने लोगों को उपाय बताया गया। सभी को वैक्सिनेशन लगवाने अपील की गई। कार्यक्रम में यतीश भाई मुम्बई से, समिति सचिव निर्भय सिंह, कार्यकर्ता अभय पटेल, रामकिशोर चौधरी, चंद्रपाल कुशवाहा एवं ग्रामीणजन की उपस्थिति रही।

## रीठी में नहीं रूक रही गौ तस्करी की वारदातें

### विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपकर की कार्यवाही की मांग





**रीठी।** रीठी तहसील के अंतर्गत विगत कुछ दिनों से गौ तस्करी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने रीठी थाना प्रभारी एवं तहसीलदार के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है कि रीठी क्षेत्र में चल रही गौ तस्करों की गतिविधियों के कारण रीठी क्षेत्र में गोवंश न के बराबर बचा है। गौ सेवकों द्वारा बताया गया कि विगत कुछ दिनों पहले रीठी के भटवा टोला के पास कटनी बीना रेल्वे लाइन पर गौ तस्करों द्वारा गौवंश को रात में ले जाते हुए रेलवे लाइन के किनारे 6 गौवंश रेल की चपेट में आने के कारण दर्दनाक मौत हो गई थी, जिसकी सूचना प्रशासन व पुलिस को भी दी गई थी। इसी को देखते हुए रीठी के विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल इकाई ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि गो-संरक्षण पर ध्यान दिया जाए, साथ ही क्षेत्र में पांच गौशाला बनकर तैयार है, जिनमें से दो गौशाला रीठी, जमुनिया की चालू भी है, लेकिन उनमें नाम मात्र के गौवंश रखे गए है, जबकि उन गौ शालाओं की क्षमता 100 नग गौवंश रखने की है। गर्मियों में उनकी सही देखभाल नहीं हो पाने के कारण, समय पर चारा, पानी, भूसा, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने के कारण गौशालाओं से भगा दी जाती है, जिम्मेदार चरवाहे एवं गौ शाला संचालन करने वाले स्वसहायता समूह सहित पंचायत के जिम्मेदार शासन द्वारा फंड आवंटित नहीं होने का रोना रोते हैं। गौ सेवको ने बताया कि अगर समय रहते गौ तस्करी को नहीं रोका गया तो बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद रीठी के कार्यकर्ता शांतिपूर्वक आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश पाल, ब्रजेश रजक, अंकित जैन, रोहित, सौरभ पटेल, विनीत गुप्ता और छोटू ठाकुर उपस्थित रहे।

**आधा दर्जन गौवंश की ट्रेन से कटकर मौत के बाद पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

## पहले सेनेटाईजेशन, अब वेक्सीनेशन में सहयोग

### वंदे मातरम श्रमिक जागृति मंडल की सराहनीय पहल



**कटनी।** स्लीमनाबाद क्षेत्र में इस समय वेक्सीनेशन का कार्य जोरों पर चल रहा है। संक्रमण की रोकथाम से लेकर लोगों को वेक्सीनेशन के प्रति जागरूक करने के लिए वंदे मातरम श्रमिक जागृति की टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। टीम के वालिंटियर्स द्वारा सेनिटाइजेशन, अनाज वितरण, आइसोलेशन कार्य, वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग किया जा रहा है। वंदे मातरम श्रमिक जागृति की टीम ग्रामीण क्षेत्र में पिछले दो साल से समाजसेवी कार्यों में डटी हुई है। जिसमे दीपक तिवारी, शेख साहिल, शिवदत्त, रुद्रदत्त, डॉक्टर, धर्मेंद्र दुबे, अमरदीप, बालकृष्ण, राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र लालू, पप्पू, आलोक आदि युवाओं ने लगातार आसपास ग्रामों में जाकर कोरोना की रोकथाम के लिए सहयोग प्रदान किया। वंदे मातरम श्रमिक जागृति मंडल के अध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि ग्राम बन्धी स्टेशन में कल 10 जुलाई शानिवार को 300 वैक्सीन लगाई जाएगी। हितग्राही अपना आधार कार्ड लेकर समय से पूर्व अपना स्थान सुनिश्चित कर वेक्सीन लगवा सकते हैं।

## कोरोना विनाशक रथों से सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिड़काव



**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा कोविड-19 संक्रमण के पर पूर्णतः नियंत्रण लगानें एवं तीसरी लहर की संभावना से बचाव के उपायों के तहत रोजाना अभियान चलाया जाकर नगर के विभिन्न स्थलों को सेनेटाइज किया जा रहा है। सैनेटाईजशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजाना चलाये जा रहे सैनेटाईजशन अभियान के तहत विगत दिवस बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित पन्ना मोड गली नंबर 6 एवं 7 के विभिन्न स्थलों सहित साांई मंदिर के सामनें स्थित मल्टी परिसर, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित गहोई कॉलोनी बस स्टेण्ड स्थित ऑडिटोरियम परिसर के विभिन्न स्थलों द्वारका सिटी परिसर के विभिन्न स्थलों में कोरोना विनाशक रथ में स्थापित जैटर मशीन के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवही की गई।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340


यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
डॉ. हितेश लोकवानी
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 14/07/2021 एवं 28/07/2021 दिन बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)
उपलब्ध उपचार
कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्ष सक्सेना
डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 18/07/2021 दिन रविवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक)
उपलब्ध उपचार
सिर एवं रीढ़ की चोटें, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.बी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।
माह के दूसरे रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72



# पुलिस की वर्दी में लूट की वारदात को अंजाम देने वाला गिरोह गिरफ्तार

## 90 हजार की लूटकांड में लूटेरों ने उगला लूट के तरीको का हुनर

## पुलिस की वर्दी सहित लूट की राशि चाकू, एयरगन पिस्टल, बुलेरो बरामद

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत शाहनगर के ग्राम टुंडा निवासी सुभाष राय के साथ मंगलवार को हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। लूटेरों ने कट्टा अड़ाकर 90 हजार रुपये लूटे थे तथा फरार हो गए थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा-निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सक्रियता के मामले की पतासाजी की तो लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। आरोपियों के पास से लूट की राशि, एक एयरगन, चाकू, उत्तरप्रदेश पुलिस की नकली वर्दी तथा एक और पुलिस की वर्दी सहित बुलेरो वाहन बरामद किया गया है। आरोपियों ने लूट करने के राज को पुलिस के सामने उगल दिया हैं। वर्दी की धौंस देकर आरोपी लूट की वारदात को अंजाम देते थे।





### रामनारायण से पुलिस की नकली वर्दी एयरगन पिस्टल बरामद

पुलिस टीम ने थाना विजयराघवगढ निरीक्षक सुधाकर बारस्कर की मदद से राजू उर्फ रामकृष्ण राठौर के घर पर दबिश दी। आरोपी राजू उर्फ रामकृष्ण राठौर के साथ घटना कारित करने वाला अन्य आरोपी अनिल कोल भी राजू के घर पर ही दबोचा गया। पूछताछ पर राजू उर्फ रामकृष्ण राठौर से लूट की रकम 63000 नगद व अनिल से 3500 रुपए नगद व प्रार्थी का मोबाइल व धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी राजू उर्फ राम नारायण राठौर के घर की तलाशी लेने पर एक नग उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक की संपूर्ण वर्दी व एक शादी पुलिस वर्दी, एक एयर गन पिस्टल एवं 3 घंटे से अच्छी तरह पर एक पैकेट जिसे प्रार्थी को गांजा का पैकेट होना बताया गया था। पैकेट खोलने पर घास कचरा भरा हुआ था।

### कार्रवाई करने का बहाना बनाकर ले गए थे बुलेरो चालक को

बोलेरो वाहन चालक सानू और पुष्पेंद्र पिता उदयवीर सिंह निवासी रोशन नगर को पुलिस अधिकारी के साथ कार्रवाई में चलने वाहन किराए से लेकर गए थे जो आरोपियों द्वारा धोखे में रख घटना कार्य कर वाहन छोड़ दिया गया। जिसे भी वाहन स्वामी से जप्त किया गया। आरोपी राजू राठौर द्वारा बताया गया कि मुझे पता चला था कि सुभाष राय गांजा का धंधा करता है। जिसे धमकाकर रुपए ऐंठने का प्लान अनिल कोल, गुड्डा राय के साथ मिलकर बनाया था। 8-10 दिन से हम सुभाष राय से संपर्क में थे और 6 जुलाई को गांजा खरीदने की बात कर चौका बुलवाया था। सुभाष राय के रुपए लेकर आने पर योजना अनुसार हमारे द्वारा लूट लिया गया।

### 90000 मोबाईल लूट कर भागे थे आरोपी

गौरतलब है कि 6 जुलाई को शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम टूंडा निवासी फरियादी सुभाष पिता स्वर्गीय भरोसी लाल राय को आरोपियों ने उस समय कट्टा अड़ाकर लूट लिया था। जब वह मोटर सायकल में सवार होकर पुत्री के विवाह के लिए खरीददारी करने कटनी आ रहा था। पुलिस ने सुभाष की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 392, 397 के तहत मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरू की थी।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा एक संदेही युवक के बताए गए हुलिया अनुसार संदिग्धों की तलाश की गयी। पतासाजी व साइबर साक्ष्यों से बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम धौरा निवासी 25 वर्षीय राकेश पिता गुड्डी लाल यादव की संलिप्तता होना पाए जाने पर थाना बड़वारा पुलिस की मदद से उसे गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर दो साथियों विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम डिठवारा निवासी 35 वर्षीय राजू उर्फ रामकृष्ण पिता रामनारायण सिंह राठौर व अनिल पिता अशोक कोल के साथ मिलकर घटना कारित करना पाया गया। राकेश यादव के कब्जे से लूट के बंटवारे में प्राप्त 13000 नगद व मोबाइल को जप्त किया गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, माधवनगर टीआई संजय दुबे, थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ सुधाकर बारस्कर, थाना प्रभारी बड़वारा उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज दुबे, उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, मन बागरी, आरक्षक प्रशांत, साइबर सेल आरक्षक दिनेश सेन, शिव प्रकाश तिवारी, राकेश त्रिपाठी की आरोपियों को चंद घंटों में गिरफ्तार करने में विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त गंभीर मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले में शीघ्र कार्रवाई करने वाली टीम को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# फोन पे कस्टमर केयर से संपर्क किया तो खाते से निकल गये 56 हज़ार

### फिर सायबर ठगी का शिकार हुआ कैमोर का एक युवक

**कैमोर।** केंद्र सरकार नगद और चैक से भुगतान सिस्टम के बजाए डिजिटल भुगतान पर जोर देते हुए बैंक आहरण पर तरह तरह के शुल्क लगा रही वहीं डिजिटल भुगतान पर अमल करने वाले आये दिन सायबर ठगी का शिकार हो रहे। पिछले 2 जुलाई को कैमोर निवासी एक युवक सुनील वर्मा के दो अलग अलग खातों से ठगों ने 56 हज़ार से भी अधिक की राशि निकाल ली। ठगी का शिकार युवक कभी बैंक तो कभी पुलिस थाने के चक्कर लगा रहा पर कहीं से भी उसे राहत नहीं मिल पा रही। कैमोर में सायबर ठगी का शिकार युवक सुनील वर्मा कैमोर हायर सेकेंडरी स्कूल का कर्मचारी है। कैमोर थाने में की गई अपनी लिखित शिकायत में सुनील ने बताया है कि उसने 26 जून को कटनी के संजीवनी मेडिकल स्टोर्स से कुछ ज़रूरी दवाएं एक दोस्त के जरिये मंगवाई थी। मेडिकल स्टोर्स द्वारा उसे 1822 रुपये का बिल व्हाट्सएप पर भेजा गया था। उसने 26 जून को ही फ़ोन पे के माध्यम से 1822 रुपये मेडिकल स्टोर्स को भुगतान कर दिया। उक्त राशि मेडिकल स्टोर्स के खाते में ट्रांसफर नहीं हुई। फोन पे से उसे यह मैसेज मिला कि आज रविवार होने के कारण ट्रांजेक्शन नहीं हो पाया। वर्किंग डेज में पेमेंट ट्रांसफर हो जाएगा। इस मैसेज के 5-6 दिन बाद भी उसके द्वारा किया गया भुगतान मेडिकल स्टोर्स के खाते में नहीं पहुंचा जिस पर उसने 1 जुलाई को फोन पे कस्टमर केयर से संपर्क किया जिस पर उन्होंने उसके खाते के बैलेंस की जानकारी लेकर 1822 रुपये वापस उसके खाते में डालने की बात कही। बेलेंस बताने पर भी रकम उसके खाते में नहीं आई। दुबारा कस्टमर केयर से सम्पर्क करने पर कहा गया कि किन्ही कारणों से उसके खाते में रकम ट्रांसफर नहीं हो पा रही। उससे दूसरा खाता नंबर मांगा गया। कस्टमर केयर पर जिससे उसकी बात हो रही थी उसकी बातों में आकर उसने अपना दूसरा खाता नंबर भी उसे दे दिया। बाद में पता चला कि उसके पहले खाते से 6500 और दूसरे खाते से 59890 रुपये निकल गए है। ठगी के शिकार सुनील वर्मा का कहना है कि अब न तो फोन पे वाले कोई सही जानकारी दे पा रहे न ही बैंक उसकी मदद कर रहा। पुलिस से संपर्क करने पर लिखित शिकायत ले ली गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही।



## पुलिया फिर लबालब



हल्की बारिश में भी मिशिन चौक अंडर ब्रिज में पानी भरने वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिया के दोनों ओर बने नालों में जाम लगने से पानी की निकासी धीमी पड़ जाती है। इस वजह से एक दो झला पानी में ही पुलिया लबालब हो जाती है

# चोरी की वारदातों से एनकेजे पुलिस ने उठाया पर्दा

### एक गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**कटनी।** एनकेजे पुलिस को थाना अंतर्गत घटित चोरी की कुछ वारदातों का खुलासा करने में सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम हिरवारा से बैटरी व केबिल तार तथा उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की गई केबिल, बैटरी सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने भठ्ठा मोहल्ला निवासी फिरोज पिता राजन वंशकार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक दयाराम बर्मन व आरक्षक उदय पाल सिंह की भूमिका रही है।



न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# चलती गाड़ी में गला घोंटकर प्रेमिका की हत्या

## रीठी के युवक ने दोस्तों के साथ नेशनल हाइवे पर दिया वारदात को अंजाम

## गाड़ी टकराई तो बच्चे को शव के पास छोड़कर ट्रेन से भागे आरोपी, तलाश जारी

**कटनी।** रीठी के सिंघईया टोला निवासी एक युवक व उसके साथियों को पड़ोसी जिला सतना की अमदरा थाना पुलिस ने एक महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि अमदरा थाना क्षेत्र के ग्राम रैगवां के समीप हाइवे के किनारे लावारिस हालत में एक बच्चा व कुछ दूरी पर स्थित झाड़ियों से एक महिला का शव बरामद किया गया था। पास में ही एक क्षतिग्रस्त जीप भी पुलिस को मिली थी। जांच शुरू करते हुए शक हो चुका था कि मामला हत्या की वारदात का है। पुलिस ने जब जीप सवारों से मृतका और बच्चे की कड़ी जोड़ी तो अपराध की परतें खुलती गईं। रीठी के सिंघईया टोला निवासी युवक ने दोस्तों के साथ मिलकर चलती गाड़ी में महिला का गला घोंटकर हत्या की। इस बीच हाइवे में सामने से आ रही कार से गाड़ी टकराई तो आनन-फानन शव उतारा और महिला के सोते हुए दो साल के बच्चे को शव के पास लेटा दिया। खुद को बचाते हुए आरोपी गाड़ी छोड़ ट्रेन में सवार होकर भाग निकले। पुलिस ने भी उतनी ही तेजी से कार्रवाही का दायरा बढ़ाया और एक-एक कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के इस अपराध में पुलिस ने मुख्य आरोपी रीठी के सिंघईया टोला निवासी अक्की उर्फ अखिलेश पिता बद्रीप्रसाद यादव, अक्की के दोस्त पड़ोसी जिला पन्ना के रैपुरा थाना अंतर्गत लोधी मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय सोहन पिता उजियार लोधी व 18 वर्षीय अजय पिता कमलेश यादव समेत एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

**प्रेमी व एक नाबालिग सहित चार गिरफ्तार**



### शादी के बाद मांगने लगी थी रुपए

आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में जानकारी देते हुए बताया कि अक्की उर्फ अखिलेश का रीठी निवासी 35 वर्षीय मेमबाई पति गोविन्द प्रसाद आदिवासी से करीब दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी अखिलेश भट्ठा मोहल्ला कटनी में किराए के मकान में मेमबाई के साथ में रह रहा था। अखिलेश की डेढ़ माह पहले दूसरी लड़की से शादी हुई। पहले तो अखिलेश अपनी कमाई के 10 हजार रुपए मेमबाई को देता था लेकिन शादी के बाद उसने इसके दो हिस्से कर दिए। इसी बात पर मेमबाई अक्सर उस पर दबाव बनाते हुए झगड़ा करने लगी। रोज रोज विवाद होने लगा।

### गला घोंटते टूट गया नाड़ा


मेमबाई से तंग आकर अक्की उर्फ अखिलेश ने अपने साथियों को 5 जुलाई को बुलाया। मेमबाई की हत्या का प्लान बनाकर बुलेरो जीप एम.पी.21सीए-3195 को 3500 रुपए में बुककर मैहर दर्शन के बहाने निकल पड़ा। अखिलेश गाड़ी चला रहा था। मेमबाई के साथ उसका दो साल का बच्चा भी था। मैहर से करीब 10 किमी पहले ही अखिलेश के साथियों ने नाड़ा से मेमबाई का गला घोंटा, एक ने हाथ पकड़े और दूसरे ने उसका मुंह दबा लिया लेकिन नाड़ा टूट गया। फिर किसी तरह एक रस्सी से उसका गला दबाकर हत्या कर दी। इस बीच सो रहा बच्चा सीट के नीचे गिर गया था।

### मुड़ते ही टकरा गई जीप

हत्या के बाद जब आरोपियों ने हाइवे पर साइड बदलना चाही तो इनकी जीप सामने से आई कार क्रमांक एम.पी.19सीए-4231 से टकरा गई। रैगवां के पास एक्सीडेंट होते ही राष्ट्रीय राजमार्ग में आनन फानन अखिलेश के दो साथियों ने मेमबाई का शव गाड़ी से उतार सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। इसके बाद अखिलेश ने जीप से बच्चे को उठाकर मृतका के शव के पास लेटाया और सभी आरोपी रेलवे स्टेशन मैहर की ओर भाग गए। पुलिस ने रीठी, रैपुरा, जबलपुर में आरोपियो की तलाश करते हुए इन्हें साइबर टीम की मदद से पकड़ा है। आज शुक्रवार को आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। इनकी शिनाख्त कार्रवाही भी कराई जाएगी। दूसरी ओर मृतका के बच्चे को उसके पिता के सुपुर्द करने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

### इस टीम को मिली सफलता

सतना एसपी धर्मवीर सिंह यादव, एएसपी सुरेन्द्र कुमार जैन के निर्देश व एसडीओपी मैहर हिमाली सोनी के मार्गदर्शन में अमदरा थाना प्रभारी हरीश दुबे ने ऊर्जा डेस्क प्रभारी एसआई लक्ष्मी बागरी की मदद से हत्या की गुत्थी को सुलझाया है। कार्रवाही में साइबर सेल से एसआई अजीत सिंह, एएसआई दीपेश कुमार, अशोक मिश्रा, दशरथ सिंह, अजय त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक अशोक सिंह, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, गजराज सिंह, नितिन कनोजिया, अखिलेश्वर सिंह, दिनेश रावत, पूजा चौहान की भी अहम भूमिका रही।



# सप्ताह भर बाद आसमान में मानसूनी बादलों का डेरा

**कटनी।** मानसूनी बादलों की चादर ओढ़ते ही गुरुवार को शहर में मौसम ने करवट ली। बूंदाबांदी के साथ सुबह सुकून भरी रही। शाम होते तक शीतल हवा के झोंकों ने राहत दी। पूरे दिन काले बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे। दोपहर के समय भी कुछ देर के लिए मेहरबान हुए। शाम को कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। रात में भी बारिश हुई। लगभग एक सप्ताह के बाद आसमान में डेरा जमाने वाले काले बादलों के सामने पारा भी नरम पड़ गया। तापमान लगभग आठ डिग्री तक लुढक गया लेकिन आज शुक्रवार की सुबह बादलों की आवाजाही के बीच धूप खिली। जिससे मौसम में एक बार फिर उमस व गर्मी बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार मानसूनी गतिविधियां पुनः शुरू हुई है। उप्र के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र है। बंगाल की खाड़ी में 11 जुलाई को एक सिस्टम बनने की उम्मीद है। अभी बंगाल की खाड़ी से नमी भरी हवा आ रही है। पूर्वी मप्र के ऊपर मानसूनी बादल सक्रिय है। इसके कारण आने वाले दो-तीन दिन अच्छी वर्षा होने की सम्भावना है। एक माह बाद ही सही एक बार फिर मानसून सक्रिय हो रहा है। गुरूवार की सुबह से आसमान पर छाए बादल दोपहर से बरसने लगे। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में आधे घंटे तक हुई हल्की बूंदाबांदी ने लोगों को उसम भरी गर्मी से काफी हद तक राहत दी। मौसम विभाग की माने तो एक बार फिर मानसून सक्रिय हो रहा है। 10 जुलाई तक कटनी सहित पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। गुरुवार को जिस तरह मौसम बदला और राहत की बूंदें बरसी उसे देखते हुए मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हो रही है। विदित हो कि पिछले एक माह से बारिश न होने के कारण वातावरण में उसम भरी गर्मी बढ़ गई है। लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी 37 और 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। हालांकि मौसम विभाग से मिले संकेतों के अनुसार 10 जुलाई से बारिश होने के आसार बन रहे हैं। इससे बढ़ते तापमान में भी गिरावट आएगी।

**कल से झमाझम बारिश के आसार, हल्की बारिश से तापमान आया नीचे**

# गुमशुदा 7 वर्षीय आरुषि का कुएं में मिला शव



**बरही थाना क्षेत्र के पिपरियाकला की घटना, ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने निकलवाया शव**

**बरही।** सात साल की मासूम आरुषि विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय केशव विश्वकर्मा सुबह 10 बजे से लापता थी, जिसका शव उसके घर के पास स्थित कुएं से पुलिस ने बरामद किया है। ग्राम पिपरियाकला की रहने वाली मृतिका आरुषि जहां विकलांग थी, तो वहीं उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं रहता था। गुरुवार की सुबह मृतिका की मां ने उसे कपड़े धोने के लिए भेज दिया था। जब वह नहीं लौटी तो बरही थाना पहुंचकर परिजनों ने पुलिस को उसके गुम होने की सूचना दी। शाम को आरुषि का शव उसी के घर के पास स्थित कुंए से बरामद किया गया। इस बारे में टीआई संदीप अयाची ने बताया कि शव को कुएं से निकलवाने पंचनामा कार्यवाही उपरांत पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग दर्ज कर शव परिजनो के सुपुर्द कर मामले की जांच प्रारम्भ की गई है।

# आज वेक्सीनेशन नहीं, कल लगेगी 25 हजार डोज

## जिले में अब तक 3 लाख 24 हजार 960 लोगों को लगा खुशियों का टीका



**कटनी।** जिले में आज शुक्रवार को वेक्सीनेशन नहीं हो रहा है, लेकिन कल 10 जुलाई शनिवार को पूरे जिले में 25 हजार 400 लोगों के वेक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा जिले को इतनी वैक्सीन की आपूर्ति की जा चुकी है और इसे केन्द्रों में भी भेजा जा रहा है। संक्रमण थमने के बाद टीकाकरण के प्रति लोगों की जागरूकता और स्वास्थ्य केन्द्रों में लगातार बढ़ रही लोगों की भीड़ को देखते हुए अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिक से अधिक वेक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है, हालांकि अभी भी केन्द्रो में व्याप्त अव्यवस्थाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कल 10 जुलाई को शहरी क्षेत्र में 4700 और ग्रामीण क्षेत्र में 20 हजार से ज्यादा लोगों को टीका लगाया जाएगा। जिले में अब तक 3 लाख 24 हजार 960 लोगों को वेक्सीनेशन हो चुका है। इसमे 2 लाख 82 हजार 181 लोगां को फर्स्ट डोज और 42 हजार 779 को सेकेंड डोज लगाई जा चुकी है।

### 105.84 प्रतिशत वेक्सीनेशन, 11 हजार 113 लोगों ने पाया सुरक्षा कवच

वेक्सीनेशन अभियान के तहत गुरूवार को 50 टीकाकरण केन्द्रों पर कोवीशील्ड वेक्सीन के टीकाकरण के लिये विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे तक जिले में राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 10500 के विरुद्ध 11 हजार 113 लोगों का वेक्सीनेशन किया गया। वेक्सीनेशन के विशेष कैम्पेन के तहत सायं 5 बजे तक 105.84 प्रतिशत वेक्सीनेशन हुआ। महा-अभियान में कोवीशील्ड के पहले और दूसरे डोज के टीकाकरण के लिये 50 टीकाकरण केन्द्रों में 10 बजे से ही वेक्सीनेशन को लेकर नागरिक टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचे और अपना कोवीशील्ड वेक्सीन का टीकाकरण भी कराया। 8 जुलाई को शाम 5 बजे तक शहरी क्षेत्र में 1606, बरही में 676, कन्हवारा में 1521, विजयराघवगढ़ में 1732, ढीमरखेड़ा में 1467, रीठी में 1592, बहोरीबंद में 1625 और बड़वारा में 894 लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन का सुरक्षा कवच दिया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 9 जुलाई शुक्रवार को जिले में कोविड वेक्सीनेशन सत्रों का आयोजन नहीं होगा। 9 जुलाई को सामान्य टीकाकरण सत्र ही आयोजित होंगे

Covid Immunization Report Katni Till Date 08-07-2021

| Category | Target | Achivment | | Achivment Percent | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | First Dose | Second Dose | First Dose Againest | Second Dose Againest First Dose |
| Health Care Worker | 7645 | 6871 | 5578 | 89.88 | 81.18 |
| Front Line Work | 5474 | 4950 | 2774 | 90.43 | 56.04 |
| Citizen | 332792 | 140797 | 30834 | 42.31 | 21.90 |
| 18-44 Years | 682821 | 129563 | 3593 | 18.97 | 2.77 |
| Total | 1028732 | 282181 | 42779 | 27.43 | 15.16 |

**लक्ष्य से काफी पीछे स्वास्थ्य विभाग टारगेट को पूरा करने के हो रहे प्रयास**

**कल होने वाले वेक्सीनेशन महा-अभियान पर एक नजर**

| ब्लॉक | कोवीशील्ड वेक्सीन |
|---|---|
| शहरी क्षेत्र | 4700 |
| बड़वारा | 2000 |
| बरही | 1200 |
| बहोरीबंद | 3500 |
| ढीमरखेड़ा | 3500 |
| कन्हवारा | 3500 |
| रीठी | 3500 |
| विजयराघवगढ़ | 3500 |
| **कुल योग** | **25400** |

# कोरोना इफेक्ट : साल में दो परीक्षाएं कराने पर मंथन

## सीबीएसई के दो परीक्षा के फार्मूले के बाद अब राज्य सरकार ने शुरू की कवायद

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के चलते इस बार मध्यप्रदेश में 5 दशक पुरानी हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा प्रणाली में परिवर्तन की कवायद चल रही है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के एक वर्ष में दो परीक्षाएं आयोजित कराने की घोषणा के बाद प्रदेश में भी इस दिशा में मंथन शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं और स्कूल शिक्षा विभाग के स्तर पर आने वाली परिस्थितियों तीसरी लहर की आशंका में इसे बेहतर विकल्प माना जा रहा है, हालांकि कोई भी निर्णय लेने से पहले तमाम पहलुओं पर विस्तार से विचार किया जाएगा और बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक जाएगी।

मध्यप्रदेश में कोरोना के चलते पिछले साल वर्ष 2020 में तमाम परीक्षाएं प्रभावित हुईं तो इस साल परीक्षाएं कराई नहीं जा सकीं। खासकर दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के परिणाम को लेकर ऐसे हालात बन गए कि सरकार को निर्णय लेने में काफी समय लग गया। अब कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बाद इस फार्मूले को लेकर लगातार विचार चल रहा है। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर राज्य सरकार ने आशंका का समाधान होने तक स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। जाहिर है ऐसे में पढ़ाई फिर प्रभावित होगी और पिछली दो लहरों की तरह तीसरी लहर का प्रभाव परीक्षा के समय तक रहा तो स्थिति और विकट हो जाएगी। सूत्र बताते हैं कि इसलिए साल में दो परीक्षा 50-50 फीसद पाठ्यक्रम के आधार पर कराने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है, हालांकि अभी इस पर विस्तार से चर्चा शुरू नहीं हुई है, मगर ऐसा होता है तो आने वाले साल वर्ष 2022 में इस साल जैसे वार्षिक परिणाम के लिए अंक नहीं मिलने हालात नहीं बनेंगे। उल्लेखनीय है कि इस साल 12वीं की छैमाही, प्री-बोर्ड परीक्षाएं ठीक से नहीं कराई जा सकीं। इस कारण वार्षिक परीक्षा परिणाम के लिए माशिमं को अंक तक नहीं मिले और मजबूरी में हाईस्कूल परीक्षा 2019 के आधार पर काल्पनिक अंक देकर परिणाम तैयार करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार ने सीबीएसई का विकल्प अपनाया, तो यह दशकों पुरानी परीक्षा प्रणाली बदल देगा। इससे यह होगा कि विद्यार्थी आधा पाठ्यक्रम पढ़ें और परीक्षा दें। शेष आधे पाठ्यक्रम की परीक्षा दूसरी बार। फिर दोनों के अंक जोड़कर परिणाम तैयार। इससे बस्ते का बोझ भी कम हो जाएगा और विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन भी कर पाएंगे।

**नए फार्मूले से कम होगा बस्ते का बोझ, विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे**







**PRE. REGISTRATION**
**साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**PRE. REGISTRATION साईंनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्र. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)